दिन–शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 17 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कल शाम पांच बजे थम जाएगा। इन क्षेत्रों में बीस मई को मतदान होना है। पांचवें चरण में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता छह महिला समेत अस्सी उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों में नौ हजार चार सौ छत्तीस बूथों की स्थापना की है। औसतन एक हजार आठ मतदाता प्रत्येक बूथ पर मतदान करेंगे।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सारण लोकसभा क्षेत्र के अमनौर स्थित धरहरा खुर्द मैदान में पार्टी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी और सीवान लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं में शामिल हो रहे हैं। वहीं, सीतामढ़ी जिले के परिहार में लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने एनडीए प्रत्याशी देवेश चन्द्र ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। दूसरी ओर, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैदपुर प्रखंड में आयोजित सभा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अर्जुन राय को जिताने की अपील की।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन है। इससे पहले नामांकन पत्रों की जाँच में एक सौ अड़तीस उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये थे। वहीं, उनासी नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा संसदीय क्षेत्र से उनतीस, पटना साहिब से सत्रह, पाटलिपुत्र से बाईस, आरा से चौदह, बक्सर से

पन्द्रह, सासाराम से दस, काराकाट से चौदह और जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सत्रह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। इधर, अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव में सभी नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

——————————————————————————

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी में साईकिल रैली निकाली गयी। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित रैली के माध्यम से जिले में पच्चीस मई को होने वाली वोटिंग को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

——————————————————————————

कैमूर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं और जीविका दीदियों ने रामपुर प्रखंड में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

——————————————————————————

अरवल की जिला निर्वाचन पदाधिकारी वर्षा सिंह की ओर से एक जून को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप सेल के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।

——————————————————————————

केन्द्र सरकार ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली इकतालीस दवाओं और छह फॉर्मूलेशन्स की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

——————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों बांका और नवादा के कुछ स्थानों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, मौसम विभाग ने दक्षिण–पश्चिम मॉनसून

के सक्रिय होने से कल से इक्कीस मई तक राज्य के किशनगंज, अररिय सहित दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की भी सम्भावना जतायी है।

———————————————————————————

माता सीता के जन्मोत्सव पर आज प्रदेश भर में जानकी नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सीतामढ़ी और दरभंगा समेत मिथिला के विभिन्न मंदिरों में इस अवसर पर विशेष अनुष्ठान किये जा रहे हैं। इधर, पटना के महावीर मंदिर में माता जानकी की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामना देते हुए कहा है कि माता जानकी के जीवन से हमे त्याग, सेवा और संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।